# डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या (उ0प्र0)
**DR. RAMMANOHAR LOHIA AVADH UNIVERSITY, AYODHYA (U.P.)**


पत्रांकः लो0अ0वि0/परीक्षा/ 1346 /2021 दिनांकः 18/02/2021

## अधिसूचना

एतद्द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों एवं उनसे सम्बन्धित समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि सत्र **2020–21** की मुख्य परीक्षा के संस्थागत / व्यक्तिगत/भूतपूर्व/एकल विषय के आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की प्रक्रियाएं निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार विस्तरित की जाती है:–

| विवरण | प्रारम्भ तिथि | अन्तिम तिथि |
|---|---|---|
| छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने की तिथि | **30-01-2021** | **08-03-2021** |
| छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र की दो प्रति महाविद्यालय में जमा करने की तिथि | **30-01-2021** | **09-03-2021** |
| महाविद्यालयों द्वारा आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र संशोधन करने एवं परीक्षा आवेदन पत्र सत्यापन की तिथि | **30-01-2021** | **12-03-2021** |
| सत्यापित किये गए आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र का परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि | **20-02-2021** | **16-03-2021** |

1. **छात्र/छात्राओं हेतु आनलाइन परीक्षा ओवदन पत्र भरने की प्रक्रिया:–**
   1. छात्र/छात्रा हेतु आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु वेबसाइट **www.rmlauexams.in** खोलें।
   2. वेबसाइट पर उपलब्ध **Registration Form for Main Examination for Regular/Private/Ex** जो लागू हो, को क्लिक करें।
   3. तत्पश्चात् आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र में वांछित विवरण को सावधानीपूर्वक भरें।
   4. समस्त सूचनाओं को पूरित करने के उपरान्त भरे गये आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र का प्रिंट तीन प्रतियों में निकालना सुनिश्चित करें।
   5. प्रिंट किये गये आनलाइन परीक्षा **आवेदन पत्र की तीनों प्रतियों पर हस्ताक्षर करने के उपरान्त महाविद्यालय में निर्धारित शुल्क के साथ उपरोक्त निर्धारित तिथि में दो प्रति जमा करना सुनिश्चित करें तथा एक प्रति अपने पास सुरक्षित** रखें।
   6. यदि किसी छात्र/छात्रा के परीक्षा आवेदन पत्र को पूरित करते समय कोई त्रुटि हो जाती है तो सम्बन्धित छात्र/छात्रा ऐसी दशा में अपने आवेदित परीक्षा आवेदन पत्र को महाविद्यालय में संशोधन कराना सुनिश्चित करें।
   7. **छात्र/छात्रा महाविद्यालय में त्रुटिरहित परीक्षा आवेदन पत्र का प्रिंट आउट ही जमा कराना सुनिश्चित करेगें।**
2. **महाविद्यालयों हेतु आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्रों को सत्यापित/वेरीफाई करने एवं शुल्क जमा करने से सम्बन्धित प्रक्रियाएं:–**
   1. महाविद्यालयों से अपेक्षा की जाती है कि वे छात्र/छात्राओं द्वारा उपरोक्त वर्णित कार्यक्रमानुसार जमा किए गए आवेदन पत्रों को सत्यापित/वेरीफाई करने हेतु वेबसाइट **www.rmlauexams.in** खोलेगें।

2. महाविद्यालय द्वारा स्नातक/परास्नातक प्रथम वर्ष के प्रवेशित छात्र/छात्राओं का विवरण जो विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराया गया है उन्हीं छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन पत्र महाविद्यालयों द्वारा सत्यापित किया जाना होगा।
3. स्नातक/परास्नातक प्रथम वर्ष को छोड़कर अन्य छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन पत्र पूर्व कक्षा के अनुक्रमांक से सत्यापित किये जायेगे तथा स्नातक/ परास्नातक प्रथम वर्ष के छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन पत्र विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये **यूनिक रजिस्ट्रेशन आई0डी0** द्वारा सत्यापित किया जायेगा।
4. लागिन के अन्दर उपलब्ध परीक्षा आवेदन पत्र वेरीफिकेशन पर क्लिक करेंगे।
5. यदि किसी छात्र/छात्रा के परीक्षा आवेदन पत्र में कोई त्रुटि है तो ऐसी दशा में महाविद्यालय द्वारा छात्र/छात्रा के परीक्षा आवेदन पत्र को संशोधन करने के उपरान्त ही परीक्षा आवेदन पत्र सत्यापित करेंगे। यदि किसी महाविद्यालय द्वारा त्रुटिपूर्ण परीक्षा आवेदन पत्र सत्यापित किये जायेगें तो इसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय एवं छात्र/छात्रा की होगी।
6. महाविद्यालय छात्र/छात्राओं द्वारा निर्धारित तिथि में जमा किए गए परीक्षा आवेदन पत्रों का स्वयं सूक्ष्मता से निरीक्षण कर लें, अर्हता सम्बन्धी समस्त औपचारिकताएं पूर्ण न होने पर तत्सम्बन्धी छात्र/छात्राओं का परीक्षाफल घोषित नहीं किया जायेगा। इसके लिए सम्बन्धित छात्र/छात्रा एवं महाविद्यालय स्वयं जिम्मेदार होंगे एवं उपरोक्त वर्णित कार्यक्रमानुसार यदि कोई महाविद्यालय परीक्षा आवेदन पत्र सत्यापित नहीं करते है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय की होगी एवं ऐसे छात्र/छात्राओं को परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
7. सम्बन्धित महाविद्यालय **'कालेज लॉगिन'** के अन्दर उपलब्ध **'वेरीफाई स्टूडेण्ट लिस्ट'** को क्लिक करके पाठ्यक्रमावार **'वेरीफाईड स्टूडेण्ट लिस्ट'** का प्रिंट निकालेंगे एवं उस प्रिंट के साथ अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालय को उपलब्ध कराये गये पूरित आवेदन पत्रों की एक प्रति (**NEFT/RTGS**) के माध्यम से जमा किए गए परीक्षा शुल्क की काउंटर फाइल की प्रति को उल्लिखित कार्यक्रमानुसार परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय के लेखा विभाग में जमा करते हुए परीक्षा आवेदन पत्र परीक्षा विभाग में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे।
8. मुख्य परीक्षा **2021** में परीक्षा केन्द्र निर्धारण हेतु **C.C.T.V.** (Audio/Video Connectivety) का होना अनिवार्य है तथा उक्त की पुष्टि कराये जाने हेतु **C.C.T.V.** का विवरण (आडियो/वीडियो/यूजर आई0डी0 /सी0सी0टी0वी0 आपरेटर का मोबाइल नम्बर) से सम्बन्धित विवरण को दिनांकः **27.02.2021** तक पोर्टल पर पूरित करते हुए उक्त विवरण को ई0डी0पी0 कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि **C.C.T.V. क्रियाशील होने के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा कभी भी निरीक्षण कराया जा सके।**
9. यदि महाविद्यालय में सम्बन्धित पाठ्यक्रम/विषय की सम्बद्धता **सत्र 2019–20 में समाप्त हो गयी है तो उस महाविद्यालय द्वारा सम्बन्धित पाठ्यक्रम/विषय की सत्र 2020–21 हेतु सम्बद्धता/विस्तरण प्राप्त किये बिना छात्र/छात्राओं का प्रवेश किसी भी दशा में न लिया** जाय। यदि किसी महाविद्यालय द्वारा प्रवेश लेकर छात्र/छात्राओं का परीक्षा आवेदन पत्र सत्यापित किया जाता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी सम्बन्धित महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रबन्धक की होगी।

10. **स्नातक विषयों में पाठ्यक्रम अवधि 06 वर्श एवं परास्नातक विषयों में पाठ्यक्रम अवधि 04 वर्ष** पूर्ण होने के उपरान्त भी यदि छात्र/छात्रा द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र पूरित किया जाता है एवं परीक्षा आवेदन पत्र को सम्बन्धित महाविद्यालय द्वारा सत्यापित/वेरीफाई किया जाता है उसकी समस्त जिम्मेदारी छात्र/छात्रा एवं महाविद्यालय की होगी। उक्त पूरित किये गये परीक्षा आवेदन पत्र स्वतः निरस्त माने जायेगें।

**परीक्षा नियंत्रक**

**प्रतिलिपिः**-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

१. ब्यूरो प्रमुख/ सम्पादक/ संवाददाता ------ को इस आशय से प्रेषित कि उपर्युक्त अधिसूचना को अपने सम्मानित समाचार पत्र में जन हितार्थ निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें ।
२. प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बन्धित महाविद्यालय को इस आशय से प्रेषित कि सभी सम्बन्धित छात्र/छात्राओं का आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र को समयान्तर्गत पूरित/वेरीफाई कराने का कष्ट करें।
३. उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव/प्रशासनिक अधिकारी (परीक्षा/गोपनीय/लेखा)
४. निजी सचिव कुलपति, मा० कुलपति महोदय के सूचनार्थ ।
५. वैयक्तिक सहायक वित्तअधिकारी/कुलसचिव, वित्तअधिकारी/कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
६. कुलानुशासक/मीडिया प्रभारी।
७. प्रोग्रामर, ई०डी०पी० को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इस अधिसूचना को अपलोड करने एवं आनलाइन आवेदन पत्र पूरित करने हेतु आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा जिन महाविद्यालयों को कक्षा संचालन की अनुमति विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त नहीं है उन महाविद्यालयों के छात्र/छात्राओं के आनलाइन परीक्षाफार्म भराये जाने हेतु कालेज लॉगिन न खोली जाए।
८. कार्यालयीय प्रति ।

परीक्षा नियंत्रक